**प्रेस नोट दिनाँक-20.09.2021**

**(1).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री दीनदयाल सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री गया प्रसाद यादव तथा उनकी टीम द्वारा मडैयन से अभियुक्त 1. योगेन्द्र पुत्र प्रेमकुमार 2. शुभम उर्फ पिन्टू पटेल पुत्र पप्पू 3. पाण्डेय पुत्र गल्हू 4. कल्लू पुत्र शादीलाल 5. सुनील कुमार पुत्र देशराज पटेल निवासी मडैयन थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 1600/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामातलाशी से 580/- रुपये बरामद हुये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना बहिलपुरवा में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी:-**

मालफड़ 1600/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते

जामातलाशी से 580/- रुपये

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:-**

1. उ0नि0 श्री गया प्रसाद यादव थाना बहिलपुरवा
2. आरक्षी रामकेश कुशवाहा
3. आरक्षी अभिलेष पाल

**(2).** आज दिनाँक-20.09.2021 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना/चौकी क्षेत्र में 9:30 बजे से लेकर 11:00 बजे तक संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चेकिंग का विशेष अभियान चलाया गया । अपर पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र कुमार राय द्वारा थाना बहिलपुरवा अन्तर्गत मालिन टंकी, कस्बा सरैंया एवं थाना रैपुरा अन्तर्गत बोड़ी पोखरी चौराहा में, क्षेत्राधिकारी नगर श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय द्वारा ट्राफिक चौराहा कर्वी में, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री सुबोध गौतम द्वारा थाना मऊ अन्तर्गत लालता रोड एवं कस्बा मऊ में एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री एस0पी0 सोनकर द्वारा थाना रैपुरा अन्तर्गत बोड़ी पोखरी चौराहा में अपने नेतृत्व में थाना/चौकी पुलिस बल के साथ संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग करायी गयी । समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा प्रमुख स्थानों में बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान 02/04 पहिया वाहनों में बिना हेलमेट/सीट बेल्ट/03 सवारी, काली फिल्म, संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी । काली फिल्म लगे वाहनों की काली फिल्म निकलवायी गयी । बिना हेलमेट/सीट बेल्ट/03 सवारी, ओवर स्पीड, काली फिल्म एवं यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों का ई-चालान किया गया । चेकिंग के दौरान वाहन चालकों से हेलमेट/सीट लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु बताया गया।

(3). आज दिनाँक-20.09.2021 को राघव प्रेक्षागार पुलिस कार्यालय सोनेपुर में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री एसपी सोनकर की अध्यक्षता में जिला प्रोवेशन अधिकारी श्री रामबाबू विश्वकर्मा की उपस्थिति में विशेष किशोर पुलिस

इकाई/एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी । महोदय द्वारा समस्त थानों के पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि थाना क्षेत्र में बाल अपराध/बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर जाकर आवश्यक कार्यवाही करें । SJPU (विशेष किशोर पुलिस इकाई) , CWC (बाल कल्याण इकाई) के कार्यों एवं एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी । गोष्ठी में उपस्थित सभी बाल कल्याण अधिकारी एवं सदस्यों को बताया गया कि बच्चों के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही करें।

कार्यशाला में विधि का उल्लंघन करने वाले बाल अपचारियों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये व पुलिस कर्मियों को किशोर न्याय अधिनियम 2015 के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। गुमशुदा बच्चों की बरामद होने पर तत्काल चाइल्ड लाइन को सूचना दें। मिशन शक्ति, बाल सुरक्षा एवं महिला हेल्पलाइन से सम्बन्धित जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गये ।

इस गोष्ठी/कार्यशाला में डा0 सौरभ सिंह प्रभारी चाइल्ड लाइन जनपद चित्रकूट, श्री अनुपम श्रीवास्तव प्रभारी महिला थाना, प्रभारी एएचटीयू श्री चित्रसेन सिंह, प्रेरणा श्रीवास्तव प्रभारी वनस्टाप सेंटर, संध्या गुप्ता महिला शक्ति केन्द्र समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी एवं उनकी टीम उपस्थित रहे।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री वीरेन्द्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं सर्विलांस टीम द्वारा घर से गहने व नकदी लेकर भागे युवक को 17 घण्टे के अन्दर बरामद किया गया।

दिनाँक 19.09.2021 को समय करीब शाम 07.30 बजे अजीम पुत्र रहीम निवासी द्वारिकापुरी कजियाना थाना कोतवाली कर्वी द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि उनका 20 वर्षीय पुत्र नफीस घर से 150000/-रुपये व 250000/- रुपये की कीमत के जेवरात लेकर घर से भाग गया है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी द्वारा उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार सिंह को नफीस की बरामदगी हेतु लगाया गया। उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा सर्विलांस टीम की मदद ले अथक प्रयास करते हुये भरतकूप के पास से नफीस को 150000/- रुपये की नकदी व जेवरात के साथ बरामद किया गया। बरामदशुदा बालक एवं नकदी व जेवरात अजीम के सुपुर्द किया गया। अजीम अपने पुत्र नफीस, नकदी व जेवरात पाकर बहुत प्रसन्न हुआ एवं उसने पुलिस का शुक्रिया अदा करते हुये बताया गया उसने अपनी लड़की की शादी के लिये रुपये व जेवरात रखे हुये थे। इस प्रकार थाना कोतवाली कर्वी पुलिस ने सूचना के 17 घण्टे के अन्दर युवक को नकदी व जेवरात के साथ सकुशल बरामद किया।

**<u>बरामदगी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार सिंह थाना कोतवाली कर्वी
2. आरक्षी गोलू भार्गव थाना कोतवाली कर्वी
3. आरक्षी जितेन्द्र कुमार सर्विलांस
4. आरक्षी रोहित सिंह सर्विलांस

**(5).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाए जा रहे अभियान "मिशन शक्ति फेज-3" के तहत जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल, विद्यालय एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति फेज-3" अभियान के तहत दिनांक 20.09.2021 को श्री धवल जायसवाल पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में जनपद में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक

स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। जिसमें महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति फेज-3” के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजार, कॉलेज, कोचिंग संस्थान व अन्य सार्वजनिक स्थलों को असामाजिक तत्वो से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओ को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा के बारे में जानकारीयाँ दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओ की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हैल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया।

इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनो से सार्वजनिक स्थलो यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(6).** आज दिनाँक-20.09.2021 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी महोदय के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक/चौकी प्रभारी मय पुलिस टीम द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के बैंकों में चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बैंक में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहा है या नही शाखा प्रबंधक से इस सम्बन्ध में वार्ता की गयी। बैंक डियूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक डियूटी करने हेतु निर्देश दिये गये। बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया। बैंक में उपस्थित लोगों से मास्क लगाने हेतु एवं कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करने की अपील की।

**(7).** दिनांक 20.09.2021 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में श्री शैलेन्द्र कुमार अपर पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सोनेपुर में राघव प्रेक्षागार में साइबर अपराधों के अनावरण एवं आम जनमानस को राहत पहुँचाने के लिए मुख्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वेबिनार में पुलिस कार्यालय एवं थानों में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों ने भाग लिया|

तत्पश्चात मुख्यालय द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगणों के साथ श्री शैलेन्द्र कुमार राय अपर पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए |